# न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी एंव जिला कलेक्टर ,टोंक

प्रकरण सख्या 110 / 2025

श्री राधेश्याम मून्दडा पुत्र प्रहलाद दास मून्दडा (महाजन) निवासी ग्राम व पोस्ट घाड तहसील दूनी जिला टोंक राज. --अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी -- प्रत्यर्थी

**अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005**

<u>निर्णय</u> दिनांक **06.01.2026**

प्रकरण का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत अपील पेश की है। अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी जिला टोंक को आवेदन पत्र दिनांक 03.10.2025 को प्रेषित / प्रस्तुत कर निम्न वर्णित सूचना चाही गईः–

प्रार्थी द्वारा एस.बी.आई. बैंक नीलामी में घाड में मकान छुडवाया था, जिसकी बाद में जानकारी मिली की उक्त मकान गैर मुमकिन पहाड की जमीन जिसके खसरा नं. 717 किस्म गै.मु. पहाड रकबा 3.95 है. पर स्थित है। आपके कार्यालय द्वारा सूचना का अधिकार के तहत उक्त जानकारी दिनांक 21 जनवरी 2025 को दी गई है।

आप यह सूचना देवे की सलग्न आपके कार्यालय की सूचना वह जमीन की रजिस्ट्री बिना व्यवधान के की जा सकेगी या उक्त मकान की रजिस्ट्री नही की जा सके तो स्पष्ट रूप से प्रार्थी को सूचना देकर अवगत करावे।

अपीलार्थी को निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं होने पर प्रत्यर्थी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। अपील दर्ज रजिस्टर कर अपील प्रा0पत्र की छायाप्रति लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी को पत्र क्रमांक 2216 दिनांक 19.11.2025, 2365 दिनांक 02.12.2025, 2460 दिनांक 18.12.2025 व 2500 दिनांक 30.12.2025 को प्रेषित कर रिपोर्ट तलब की गई। अपीलार्थी को सुनवाई हेतु तलब किया गया। अपीलान्ट दिनांक 2.12.2025 को उपस्थित हुए। लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी ने पत्र क्रमांक 1299 दिनांक 31.12.2025 से जवाब प्रेषित किया है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचनां प्रश्नात्मक होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम में देय नही होने का उल्लेख करते हुए अपीलार्थी को पत्र क्रमांक 1300 दिनांक 31.12.2025 से सूचित किया जा चुका है। अतः अपील में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील अस्वीकार योग्य है।

फलतः अपील अपीलाण्ट अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति राज्य लोक सूचना अधिकारी एंव तहसीलदार दूनी तथा अपीलार्थी को प्रेषित की जावे।

(कल्पना अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी
एंव जिला कलेक्टर टोंक

जिला कलेक्टर टोंक

जिला कलेक्टर टोंक (राजस्थान)

778